an>

title: Issue regarding nuisance caused to tribals by military personnel in Deepatoli cantonment area in Ranchi Parliamentary constituency.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र रांची में मिलिट्री छावनी डिपाटोली और नामकूम में है। उस छावनी के मिलिट्री के लोगों द्वारा गरीब आदिवासियों, दलित और पिछड़े लोगों को काफी परेशान किया जाता है। उन्हें हजारों एकड़ जमीन दी गयी है, लेकिन वे उन्हें आने-जाने, पूजा-पाठ, तालाब आदि में जाने के लिए परेशान कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बात को बार-बार सदन में उठाता रहा हूं और इस संबंध में पत्र भी लिखता रहा हूं। इस छावनी के लोग वहां के लोगों को काफी परेशान कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा सरकार से आग्रह है कि इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। इसके साथ-साथ गरीबों को जो परेशान किया जा रहा है, उसका निराकरण हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Ram Tahal Chaudhary.